हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली गई

राउरकेला। स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले, राउरकेला नगर निगम ने शहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताए अभियान के तहत तिरंगा यात्रा निकाली। स्थानीय अंबेडकर चौक से शुरू हुआ यह तिरंगा यात्रा नगर निगम कार्यालय के पास समाप्त हुआ। केंद्र सरकार के आह्वान पर, ८ से १५ अगस्त तक पूरे देश में शहर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छताए अभियान चलाया जा रहा है। इसी संदर्भ में, स्वच्छता के प्रति जन जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से यह तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने, कचरे को अलग करके उसे स्वच्छ वाहनों में डालने, पुनरू प्रयोज्य और पर्यावरण के अनुकूल उत्पादों का उपयोग करने, एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक के उपयोग को रोकने आदि के लिए आयोजित की गई ताकि एक हरित और स्वच्छ राउरकेला शहर का निर्माण किया जा सके। इस जुलूस में राउरकेला महानगर निगम आयुक्त सुश्री दीना दस्तगीर के साथ संयुक्त आयुक्त सुश्री पल्लवी नायक, उपायुक्त श्री विस्वरंजन मल्लिक, उपायुक्त श्री तरुण कांत, सहायक आयुक्त अजीत कुमार पटनायक और नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी, स्वयं सहायता समूह की महिलाएँ और स्थानीय समुदाय शामिल हुए। सभी लोग उत्साहपूर्वक जुलूस में शामिल हुए, हाथों में राष्ट्रीय ध्वज और स्वच्छता जागरूकता संदेश वाली तख्तियाँ लिए, देशभक्ति के नारे लगाते हुए, जिससे पूरा वातावरण तिरंगामय हो गया।

चोरी का मोबाईल जब्त, एक गिरफ्तार

राउरकेला : सेक्टर तीन थाना पुलिस एक मोबाईल चोर को गिरफ्तार की है. अभियुक्त जगदा रेडियो स्टेशन क्षेत्र का श्रवण नायक (२१) है. उसके पास से एक चोरी का मोबाईल जब्त किया गया है. अभियुक्त को पुलिस कोर्ट चालान कर दी है. प्राप्त जानकारी के अनुसार ५ जून की शाम प्रायः साढे सात बजे सेक्टर २ क्षेत्र का एक युवक मार्केट में काम समाप्त कर घर लौट रहा था. इंडो जर्मन क्लबके पीछे की शौचालय के पास एक बदमाश उससे मोबाईल फोन छीनकर भाग गया था. बदमाश को कुछ दूर दौड़ाया था परन्तु पकड़ नहीं पाया था. इस संबंध में सेक्टर ३ थाना में एक लिखित शिकायत किया था.

श्रीधर स्मृति ज्ञान विकास केन्द्र द्वारा वृक्षारोपण

राउरकेला : श्रीधर स्मृति ज्ञान विकास केन्द्र द्वारा छेंड कालोनी पुलिस स्टेशन के सामने (कल्पतरू आश्रम् के पास) खुले स्थान पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संस्था के उपाध्यक्ष कवि अनुल कुमार दाश, उमाशंकर तिवारी, एवं लक्ष्मण परीडा की देखरेख में तथा संस्थान के महासचिव प्रोफेसर डा. सुभाष चंद्र लेंका के सहयोग से सैकड़ों वृक्ष लगाये गये. वृक्षारोपण कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्थान के कार्यकर्ताओं समेत अन्य लोगों की भूमिका सराहनीय रही.

इस कार्यक्रम में ज्ञान रंजन मिश्र, कवियत्री उर्वशी दाश, कवि ब्रह्मानंद पाढी, केके ठाकुर, उमेश सिंह, विवेक दास, दिनेश कुमार पाढी, बलराम दास, प्रणति लेंका, धनंजय लेंका समेत अन्य लोग उपस्थित थे. वृक्ष लगाये जाने के साथ ही किस प्रकार से पौधे पेड़ का रूप ले सकें इस दिशा में भी ध्यान देने की बात उपस्थित लोगों ने कहा.

कुआरमुंडा में हर घर तिरंगा पदयात्रा निकाली गई

कुआंरमुंडा ।प्रखंड मुख्यालय में प्रखंड स्तरीय हर घर तिरंगा पद यात्रा निकाली गई। आजादी का अमृत महोत्सव और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राज्य और केंद्र सरकार के निर्देश पर देश भर के कालेजों और स्कूलों के छात्रों, स्वयंसेवकों, सरकारी कर्मचारियों द्वारा पद यात्रा निकाली गई। आज कुआंरमुंडा प्रखंड में वीडियो डा जगदीश चंद्र महानंद की देखरेख में हर घर तिरंगा शोभा यात्रा निकाली गई। पूर्व विधायक श्री शंकर ओराम मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और दीप कलश नारियल फोड कर पद यात्रा की शुरुआत की और कहा कि यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी कि यह हमारे देश में मनाया जाने वाला उत्सव है।

डा जगदीश चंद्र महानंद के अनुसार इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य देश के सभी स्कूलों के छात्रों में देश के प्रति प्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान पैदा करना है।

आज विद्यार्थियों ने फौजी भाइयों को तिरंगा रक्षा भेजी और इसके बाद देश प्रेम जगाने के लिए विद्यार्थियों द्वारा नृत्य गीत का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से नगर वासियों में देश प्रेम और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान जगाने के लिए जागरूकता पैदा की गई।

साथ ही एक किलोमीटर से अधिक लंबी रैली कुआंरमुंडा प्रखंड से शुरू होकर सलंग बिथर, बजरंग चौक, मेडिकल, नगड़ा टोली, भाटी टोली, चेक गेट, बिजली आहफिस होते हुए प्रखंड पहुंची। रैली में शामिल सभी लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मां तरंग आदि नारे लगाए। कुआंरमुंडा की सड़क और घाट ने नगर को झंकृत कर दिया। आज इस तिरंगा रैली ने कुआंरमुंडा के माहौल को सुरमय बना दिया और माहौल पूरी तरह से झंकृत हो गया। इसमें तहसीलदार चंद्रजीत बेहरा, एडीडीओ श्री प्रशांत कुमार जेना, एपीओ श्रवण साहू, ब्लहक अध्यक्ष ज्योति केरकेटा, नेवल केरकेटा, तपस्विनी महानंदिया, तपस्विनी बेसन, प्रदीप खेश, गोविंदा राउत, भाजपा ब्लहक अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू, शंकर पुजारी, रीना मेहर, राजेंद्र कुजूर, सरपंच राजेश हासदा ने प्रमुख रूप से भाग लिया।

हर देशभक्त नागरिक को विभाजन की विभीषिका को याद रखना चाहिए-दुर्गा तांती

राउरकेला। आज राउरकेला के बीपीयूटी सभागार में विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रघुनाथपल्ली विधायक श्री दुर्गा चरण तांती ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर देश की आजादी के इतिहास का स्मरण किया और अपने भाषण के माध्यम से कहा कि यह सत्य है कि देश को १५ अगस्त १९४७ को आजादी मिली थी। फिर, हमें उस नरसंहार को भी याद रखना चाहिए जो इस देश को आजादी मिलने से पहले, यानी १५ अगस्त १९४७ को हुआ था। उस दिन मानव रूपी राक्षसों के हाथों मारे गए और देश के लिए शहीद हुए उन लाखों नागरिकों को याद करने की आवश्यकता को समझते हुए, विधायक श्री दुर्गा चरण तांती ने कहा कि आज का दिन विभाजन की विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बीपीयूटी के कुलपति प्रोफेसर अमिय कुमार रथ, एनआईटी के प्रोफेसर सुशील कुमार खुंटिया और बीपीयूटी के प्रोफेसर दिलीप प्रधान मुख्य अतिथि थे, जबकि शहर के कई गणमान्य व्यक्ति और विभिन्न कॉलेजों के छात्र भी उपस्थित थे।

युवक की मौत

राउरकेला : सडक पर गिरकर घायल हुए एक युवक की चिकित्साधीन अवस्था में मृत्यु हो गयी है. संबंधित युवक लाठीकटा ब्लाक अंतर्गत कलता ए ब्लाक का ध्रूव तांती (१८) है. ध्रूव किसी काम से डोलाकूदर गांव १७ तारीख बाईक से गया था. वहां से लौटते समय असंतुलित होकर सड़क पर गिर पड़ा था. घायल अवस्था में परिवार वाले उसे चिकित्सा के लिए एक निजी अस्पताल में भर्ती कराये थे.

महिला सहित तीन गिरफ्तार, स्कूटी और बाईक जब्त

बडगां : बडगां आबकारी अधिकारी विजय कुमार जेना तथा एएसआई मुकेश कुमार पटेल ने बुधवार को बडगां ब्लाक अंतर्गत विभिन्न स्थानों में छापेमारी कर एक महिला सहित तीन लोगों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से महुआ शराब, एक स्कूटी और एकबाईक जब्त किया है. आबकारी दल पहले सिंगारमुंडा के पास महुआ शराब बनान्ये जा रहे अड्डे पर छापेमारी कर ४० लीटर महुआ शराब और २५ केजी महुआ पोच नष्ट की है. दूड़ालगा फुटबाल मैदान के पास बाईक और स्कूटी पर महुआ शराब बिक्री कर रहे गड़गड़बाहाल गांव के प्रदीप महांत (५०) तथा पामरा गांव के किशोर कुमार माझी (४१) को गिरफ्तार किया गया है. प्रदीप के पास से स्कूटी क्रमांक ओडी ०५ जे ८५८७ तथा ४० लीटर महुआ शराब तथा किशोर के पास से ३०लीटर महुआ शराब और बाईक क्रमांक ओआर ९६ई ३९६५ जब्त किया गया है. आलूजेगा गांव की महिला शराब व्यापारी जूलेश्वरी करीआली (४६) को गिरफ्तार कर उसके पास से १० लीटर महुआ शराब जब्त हुआ है. आबकारी विभाग किशोर और प्रदीप को कोर्ट चालान किया है. जुलेश्वरी को नोटिस देकर छोड़ दिया गया है.

विधायक ने किया आरआरआरसी आशादीप स्वतंत्र विद्यालय का निरीक्षण

राउरकेला : रघुनाथपाली विधायक दुर्गा चरण तांती भगवती मंदिर के निकट स्थित मानसिक रूप से कमजोर व मस्तिष्क पक्षाघात दिव्यांग बच्चों के लिए कार्यरत स्वतंत्र विद्यालय आरआरसी-आशादीप का पिछले दिनों निरीक्षण किया. इस अवसर पर श्री तांती ने दिव्यांग बच्चों को दिये जाने वाली विशेष शिक्षा व प्रशिक्षण, भौतिक चिकित्सा, मानसिक चिकित्सा, बाल चिकित्सा इत्यादि के बारे विद्यालय के छात्र छात्राओं और अभिभावकों से पूछताछ की. आरआरआरसी के अध्यक्ष रामचंद्र बेहरा उपस्थित रहकर इस संस्था द्वारा प्रदान किये जाने वाले विभिन्न दिव्यांग कल्याण कार्यक्रम जैसे कृत्रिम अंग रोपण, सहायक उपकरण वितरण, विशेष शिक्षा व प्रशिक्षण, वरिष्ठ नागरिकों के लिए भौतिक चिकित्सा इत्यादि के संबंध में विधायक को जानकारी दी. इस अवसर पर पांच दिव्यांग लोगों को व्हील चेयर प्रदान किया गया. पुर्नवास केन्द्र एवं स्वतंत्र विद्यालय के लिए आवश्यक चहारदिवारी का निर्माण सहित ड्रेन का निर्माण, शिशु पार्क के निर्माण को लेकर विधायक श्री तांती ने हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया. संस्थान के निदेशक त्रिलोचन पाढी ने अंत में धन्यवाद दिया. कार्यक्रम में बटकृष्ण नायक, सबिता सामल, सत्य मलिक, चिन्मयी साहू, प्रभासिनी सेठी, मोनालिसा त्रिपाठी, पायल पोद्दार, जद्धुचरण मुर्मु, गीता साहू आदि उपस्थित थे.

घर से लाखों रुपये के अलंकार की चोरी

राउरकेला : कलुंगा पुलिस चौकी अंतर्गत जियाबाहाल के एक घर से परिवार की अनुपस्थिति में लाखों रुपये की अलंकार चोरी हुई है. छत्तीसगढ के मूल निवासी राम लखन पांडे सपरिवार जिया बाहाल गांव में रहते हैं. गत २ अगस्त को वे सपरिवार छग गये थे. मंगलवार को वे लौटने के बाद उनके घर से चोरी होने से अवगत हुए थे. चोर खिड़की तोड़कर घर से सोने का हार, अंगूठी, चांदी के पायल सहित नगद ५० हजार रुपये चुरा ले गये हैं. उनका पुत्र अमनि पांडेय बुधवार को कलुंगा चौकी में लिखित शिकायत किया है. पुलिस मौका ए वारदात की जांच की है.

आरएमएचपी की सुरक्षा चक्र टीम द्वारा लौह अयस्क चूर्णों की सुरक्षित निकासी के लिए अभिनव समाधान लागू

राउरकेला इस्पात संयंत्र (आरएसपी) के रह मैटेरियल्स हैंडलिंग प्लांट (आरएमएचपी) की उद्यमी सुरक्षा चक्र टीम ग्रिपनेकलर ने ट्रैक हहपर-३ में बीओबीएस वैगनों से लौह अयस्क चूर्णों (आईओएफ) की सुरक्षित निकासी में लंबे समय से मौजूद खतरे को दूर करने के लिए एक अभिनव समाधान लागू किया है। इस टीम में कनिष्ठ अभियंता एवं टीम के अगुवे, श्री आलोक कुमार जेना तथा सदस्य कनिष्ठ अभियंता, श्री सुशांत कुमार सामल, कनिष्ठ अभियंता, श्री विभूति भूषण सेठी और कनिष्ठ इंजीनियरिंग एसोसिएट, श्री अमित कुमार जेना शामिल थे। श्री हरि नाथ यादव टीम के सूत्रधार थे। उल्लेखनीय है कि, आईओएफ को ट्रैक हहपर-३ पर साइड-ओपनिंग दरवाजों के माध्यम से उतारा जाता है। हालाँकि, कई बार, खासकर बरसात के मौसम में, सामग्री पूरी तरह से निकल नहीं पाती है, जिसके लिए वैगन के ऊपर से पोकिंग रहड (ष्भालाष्) का उपयोग करके हाथ से पोकिंग करनी पड़ती थी। इस काम के लिए मजदूरों को प्लेटफ़र्म की रेलिंग पर चढ़ना पड़ता था, जो ४० मिमी व्यास के एमएस पाइप से बनी होती थी, जिससे पकड़ कमजोर होती थी और फिसलने तथा गिरने का खतरा ज्यादा होता था। साइट का दौरा करने और विचार-विमर्श के बाद, टीम ने रेलिंग के २५० मीटर लंबे हिस्से पर ७५० मिमी आकार के एमएस एंगल डिजाइन और वेल्ड किए, जिससे पकड़ में काफी सुधार हुआ। उन्होंने सुरक्षित पोकिंग संचालन को सुगम बनाने के लिए ट्रैक हहपर-३ के विपरीत दिशा में एक डबल डेकर प्लेटफ़र्म के निर्माण की भी सिफारिश की।

कार्यान्वयन के बाद, फिसलने और गिरने की घटनाओं में भारी कमी आई, और नए प्लेटफ़र्म के बन जाने से अब सौ प्रतिशत (१००:) सुरक्षित पोकिंग सुनिश्चित हो गई है.टीम ने इस केस स्टडी को सेफ्टी सर्कल अहफ भिलाई चौप्टर २०२५ में प्रस्तुत किया और रजत पुरस्कार जीता।

ट्रेन के धक्का में महिला की मौत

राउरकेला : दांडियापाली चौक से वेदव्यास नदी टोला जाने वाली सड़क के बीच में स्थित रेल पटरी में ट्रेन के धक्का में एक महिला की मौत हो गयी है. रिपोर्ट लिखे जाने तक मृत महिला का परिचय नहीं मिल पाया है. राउरकेला रेलवे पुलिस शव को जब्त कर राउरकेला सरकारी अस्पताल में रखी है.

बताया जा रहा है कि बुधवार की सुबह संबंधित महिला पैदल दांडियापाली से वेदव्यास चौक की ओर जा रही थी. रेल लाईन पार करते समय कोई ट्रेन उसे धक्का दिया था. फलतः घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गयी थी.

MCL महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड
(भारत कोयला लिमिटेड की एक अनुषंगी कम्पनी)
सूचना
सामानों, कार्यों एवं सेवाओं के क्रय हेतु सीआईएल एवं इसकी सहायक कंपनियों द्वारा जारी सभी निविदाएँ कोल इण्डिया लिमिटेड की वेबसाइट www.coalindia.in/संबंधित सहायक कंपनी (एमसीएल, www.mahanadicoal.in), सीआईएल ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://coalindiatenders.nic.in एवं केन्द्रीय सार्वजनिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://eprocure.gov.in पर उपलब्ध हैं। इसके अलावा, जीईएम पोर्टल https://gem.gov.in के माध्यम से भी ये क्रय उपलब्ध है।
R-5267

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निर्मल सिंह
अध्यक्ष गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, राउरकेला।
गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा द्वारा संचालित
गुरुनानक खालसा स्कूल स्टेशन रोड, राउरकेला
गुरुनानक पब्लिक स्कूल स्टेशन रोड, राउरकेला